कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-10.05.2023

हत्या के प्रयास मे वांछित अभियुक्त विरेन्द्र यादव थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 अदद अवैध पिस्टल 7.65 एमएम बोर व 03 अदद कारतूस बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-194/2023 धारा 307 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विरेन्द्र यादव पुत्र लालबहादुर यादव निवासी ग्राम-लश्करपुर थाना चोलापुर वाराणसी को घटना मे प्रयुक्त 01 अदद नाजायज़ पिस्टल 7.65 एमएम बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस के साथ आज दिनांक-10.05.2023 को समय करीब 13.05 बजे दानगंज तथा जौनपुर बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विरेन्द्र यादव पुत्र लालबहादुर यादव निवासी ग्राम-लश्करपुर थाना चोलापुर वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

विवरण पूछताछ-

अभियुक्त विरेन्द्र यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर अपने दोस्त सोनू के ऊपर पिस्टल से फायरिंग कर दिया था और यह वही पिस्टल है जिससे मैने उस दिन सोनू राजभर पर फायरिंग किया था। मै पकड़े जाने के डर से आज यहाँ से भागने की फिराक मे था लेकिन आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण- घटना मे प्रयुक्त 01 अदद नाजायज़ पिस्टल 7.65 एमएम बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस बरामद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 रमेश कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.उ0नि0 पंकज कुमार सिंह चौकी प्रभारी मुर्दहा थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4.उ0नि0 विकाश पाण्डेय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5.का0 दिनेश कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6.का0 हिमांशु सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
7.का0 सत्यप्रकाश यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
8.का0 आदित्य कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी